उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 07 चैत्र, शक संवत्, 1933
( दिनांक : 28 मार्च, 2011 )
**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** तथा **"ग"** )।

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री जोत सिंह गुनसोला, सदस्य, विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकास खण्ड रायपुर के ग्राम सभा नत्थनपुर के अन्तर्गत विवेकानन्द फेज-2 में पेयजल समस्या के निदान के संबंध में" श्री एम0 आर0 नौटियाल, निवासी- विवेकानन्द ग्राम फेज-2, नत्थनपुर, देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

9. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

   (कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"घ"**)

10. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

11. वित्तीय वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक की अनुदान मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

    (1) आबकारी मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-08, आबकारी के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये **रूपये 99026 हजार (रूपये नौ करोड़ नब्बे लाख छब्बीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

    (अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ङ))

(2) पर्यटन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-26, पर्यटन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये **रूपये 999721 हजार (रूपये निन्यानवे करोड़ सन्तानवे लाख इक्कीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ङ))

(3) कृषि मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-17, कृषि कर्म एवं अनुसंधान के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये **रूपये 3438579 हजार (रूपये तीन सौ तैंतालीस करोड़ पचासी लाख उन्यासी हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ङ))

(4) पशुपालन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-28, पशुपालन सम्बन्धी कार्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये **रूपये 1112269 हजार (रूपये एक सौ ग्यारह करोड़ बाइस लाख उन्हत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ङ))

(5) कृषि मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-29, औद्यानिक विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये **रूपये 1003021 हजार (रूपये एक सौ करोड़ तीस लाख इक्कीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ङ))

(6) ग्राम्य विकास मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-19, ग्राम्य विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये **रूपये 5369896 हजार (रूपये पांच सौ छत्तीस करोड़ अठानवे लाख छियानवे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ङ))

(7) शिक्षा मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-11, शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये **रूपये 34534879 हजार (रूपये तीन हजार चार सौ तिरपन करोड़ अड़तालीस लाख उन्यासी हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ङ))

12. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

13. जनपद चम्पावत के अन्तर्गत आई0टी0आई0 खेतीखान के संचालन के संबंध में श्रीमती वीना महराना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2011 को दी गई सूचना पर, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

14. माननीय मुख्यमंत्री के घोषणा एवं कैबिनेट में पारित प्रस्ताव के बावजूद भी राजकीय शिक्षकों को सत्रांत लाभ दिये जाने संबंधी शासनादेश जारी न होने के संबंध में श्री सुरेश चंद जैन, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2011 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, शिक्षा मंत्री का केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

(महेश चन्द्र)
प्रमुख सचिव।

देहरादून :
दिनांक : 28 मार्च, 2011

# नत्थी "घ"

कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 25 मार्च, 2011 की बैठक में दिनांक 28 से 29 मार्च, 2011 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप से रखे जाने की सिफारिश की है:–

मार्च, 2011
26 एवं 27 — (शनिवार एवं रविवार का अवकाश)

मार्च, 2011
28 (सोमवार) — निम्नलिखित अनुदान मांगों का प्रस्तुतिकरण चर्चा एवं मतदान :–

| | |
|---|---|
| अनुदान संख्या – 08 | आबकारी विभाग की अनुदान पर मांग,चर्चा और मतदान। |
| 26 | पर्यटन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| 17 | कृषि कार्य एवं अनुसंधान विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा एवं मतदान। |
| 28 | पशुपालन सम्बन्धी कार्य विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा एंव मतदान। |
| 29 | औद्यानिक एवं रेशम विभाग की अनुदान पर मांग,चर्चा एवं मतदान। |
| 19 | ग्राम्य विकास विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| 11 | शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान |

मार्च, 2011
29 (मंगलवार)

| अनुदान संख्या | | | |
|---|---|---|---|
| | 01 | विधान सभा की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | विवाद नहीं होगा। |
| | 02 | राज्यपाल की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 03 | मंत्रिपरिषद की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 04 | न्याय प्रशासन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 07 | वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |
| | 09 | लोक सेवा आयोग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | विवाद नहीं होगा। |
| | 10 | पुलिस एवं जेल विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |
| | 12 | चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |
| | 21 | उर्जा विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |
| | 14 | सूचना विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |
| | 22 | लोक निर्माण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान | – |
| | 27 | वन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | – |

**उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2011 का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं पारण।**

# नत्थी 'ङ'

## वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

**अनुदान संख्याः- 08 आबकारी, 26 पर्यटन, 17 कृषि, 28 पशुपालन, 29 औद्यानिक, 19 ग्राम्य विकास, 11 शिक्षा खेल।**

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| क- 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री यशपाल आर्य,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>5. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>6. श्रीमती अमृता रावत,<br>7. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>8. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री तिलक राज बेहड़,<br>11. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>12. श्री गोपाल सिंह राणा,<br>13. कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन"<br>14. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>15. श्री केदार सिंह रावत,<br>16. श्री राजेश जुवांठा,<br>17. श्री करन माहरा,<br>18. श्री मनोज तिवारी,<br>19. श्री मयूख महर, | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रुपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| ख- 1. मौ0 शहजाद,<br>2. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>3. हाजी तसलीम अहमद,<br>4. श्री हरिदास,<br>5. श्री प्रेमानन्द महाजन | -तदैव- |
| ग- 1. काजी निजामुद्दीन,<br>2. चौ0 यशवीर सिंह | -तदैव- |
| घ- 1. श्री पुष्पेश त्रिपाठी | -तदैव- |

प्रथम सत्र, 2011
का प्रथम सोमवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## सोमवार, 7 चैत्र, शक संवत्, 1933

## ( दिनांक : 28 मार्च, 2011 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री किशोर उपाध्याय<br>03.03.2011<br>श्रीमती अमृता रावत<br>10.03.2011 | ** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के शिक्षामित्र विगत 28 फरवरी, 2011 से विधान सभा के समक्ष नियमितीकरण की अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं? यदि हां, तो क्या सरकार शिक्षा मित्रों को नियमित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

# नत्थी "ख"

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम सत्र, 2011 के प्रथम सोमवार हेतु स्थगित तारांकित प्रश्न**

श्री राजेश जुवांठा
02.02.2010

*1. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि यमुनावृत्त के अन्तर्गत काश्तकारों को परम्परागत् रूप से मिलने वाली पीड़ी की सुविधा एवं हक हकूक समाप्त कर दिये गये है जिससे काश्तकारों को मिलने वाली इस परम्परागत् सुविधा के अभाव में पीड़ी की लकड़ी न मिलने से परेशानी हो रही है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सुविधा को मुहैया कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

वन

# नत्थी "ग"

# तारांकित प्रश्न

श्री किशोर उपाध्याय
15.11.2010

*1. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सड़क निर्माण हेतु सरकार द्वारा नीति का निर्धारण किया गया हैं? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा राज्य सेक्टर में विभिन्न विधान सभा क्षेत्रों में विगत तीन वर्षों में कुल कितने कि0मी0 सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गयी है? — लोक निर्माण

श्री सुरेन्द्र राकेश
15.11.2010

*2. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड के विज्ञापन संख्या–यू0पी0सी0एल0/2010/रिक्रूटमेन्ट–01 द्वारा विज्ञापित पदों पर चयन हेतु जिस फर्म के साथ अनुबन्ध किया गया है, उस फर्म से अनुबन्ध से पूर्व इस आशय का प्रमाण प्राप्त किया गया है कि उस फर्म को पूर्व में किसी संस्था अथवा विभाग द्वारा ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों और इसके बिना सम्बन्धित फर्म से अनुबन्ध किए जाने का निर्णय किस स्तर पर लिया गया और उसके लिए कौन उत्तरदायी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सम्बन्धित फर्म पूर्व में किसी संस्था द्वारा ब्लैक लिस्टेड अथवा विवादित नहीं रही है, को सुनिश्चित करने के उपरान्त ही किए गए अनुबन्ध को जारी रखेंगे? यदि नहीं, तो इसमें क्या कठिनाई है? — ऊर्जा

श्री शैलेन्द्र सिंह रावत
15.11.2010

*3. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उनकी घोषणा संख्या 449/2009 दिनांक 24.11.2009 में विधान सभा क्षेत्र कोटद्वार को गेट वे ऑफ कार्बेट–पार्क के रूप में विकसित किये जाने की घोषणा की थी? यदि हां, तो क्या सरकार कोटद्वार में भी कार्बेट नेशनल पार्क का प्रवेश द्वार स्थापित करेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? — वन

श्री किशोर उपाध्याय
16.11.2010

*4. क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत फार्मासिस्ट दिनांक 23.08.2010 से आंदोलनरत है तथा यह भी सत्य है कि डिप्लोमा फार्मासिस्ट दिनांक 04.10.2010 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं? दिनांक 15.12.2008 की सरकार से हुये समझौते को अब तक लागू न किये जाने के क्या कारण हैं? — स्वास्थ्य

श्री किशोर उपाध्याय
16.11.2010

*5. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्रों की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के आलोक में सरकार विधान सभा क्षेत्रवार नवीन मोटर मार्गों के निर्माण हेतु नीति का निर्धारण कर रही हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>18.11.2010 | *6. क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि कोटद्वार विधान सभा के अन्तर्गत महर्षी चरक की कर्मस्थली चरेख डांडा में प्रदेश सरकार द्वारा आयुष शोध संस्थान की स्थापना को स्वीकृति दी गई है? यदि हां, तो चरेख डांडा में आयुष शोध संस्थान के लिए भूमि चयन एवं ढांचागत निर्माण हेतु सरकार द्वारा धनराशि आवंटित की गई हैं? यदि हां, तो कितनी धनराशि स्वीकृत की गई हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>19.11.2010 | *7. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि पौड़ी जनपद में लैन्सडौन वन प्रभाग के अन्तर्गत कोटद्वार से उदयरामपुर तक के वन मार्ग सहित प्रदेश के अनेक वन मार्गों का निर्माण ई0पी0आई0 संस्था द्वारा कराया जाना था? क्या यह सत्य है कि उक्त संस्था को कराये गये कार्य से अधिक धन भी आवंटित कर दिया गया हैं तथा निर्मित मार्गों की गुणवत्ता भी संतोषजनक नही हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त संस्था द्वारा कराये गये कार्यों की जांच करायेगी? यदि हां, तो कब तक? | वन |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>23.11.2010 | *8. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में फसल की विभिन्न जीव–जन्तुओं से सुरक्षा का कोई उपाय किया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि वन्य जीव जन्तु कृषि को अत्यधिक नुकसान पहुंचाते हैं, जिस कारण कृषक द्वारा कम खेती करने के साथ ही अनाज की उत्पादकता भी घट रही हैं? यदि हां, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या योजना बनायी जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>23.11.2010 | *9. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वार्षिक आय–व्ययक में ऋण घटाने या उसका परिहार करने के लिए विनियोजन की कोई व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>24.11.2010 | *10. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में स्थापित वन निगम राज्य सरकार का उपक्रम है? यदि हां, तो उक्त निगम के लेखे एवं वार्षिक प्रतिवेदन विधान सभा पटल पर रखे जाने की क्या व्यवस्था है? अब तक किन–किन वर्षों के लेखे एवं वार्षिक प्रतिवेदन सभा पटल पर रखे गये है? उक्त निगम के वार्षिक लेखों का महालेखाकार द्वारा परीक्षित किये जाने हेतु क्या सरकार सम्बन्धित विधि में संशोधन किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्रीमती अमृता रावत<br>25.11.2010 | *11. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड के जंगलों में आग लगने की घटनाओं में दिन–प्रतिदिन वृद्धि होती चली जा रही है? यदि हां, तो जंगलों में आग को बुझाने और वन जन्तुओं, वन सम्पदा आदि को आग से बचाने के लिए सरकार की क्या योजना है तथा अब तक लगी आग और इससे हुई क्षति तथा क्षतिपूर्ति हेतु सरकार द्वारा की गई कार्यवाही का जनपदवार विवरण क्या है? | वन एवं पर्यावरण |

श्रीमती अमृता रावत
26.11.2010

*12. क्या जलागम प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत पसोल गाड के लिए राष्ट्रीय जलागम सतपुली पौड़ी गढ़वाल द्वारा 7.30 करोड़ की योजना तैयार की गई है जिसके निर्माण हेतु धनराशि भी स्वीकृत की गई है? यदि हां, तो क्या यह सत्य है कि उक्त योजना को अन्यत्र स्थानान्तरित किया जा रहा है? यदि हां, तो योजना को अन्यत्र स्थानान्तरित करने के कारण/औचित्य क्या है? क्या उक्त योजना का क्रियान्वयन विकास खण्ड बीरोंखाल के पसोल गाड के ग्राम वूंगधार, सिमखेत, बुड़ाकोट, कनेरा, सिलोली, गुरूफली, चोपता, डुमलोट–डाडाखील आदि में किया जाएगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

प्रथम गुरूवार के तारांकित 8 में स्था0

श्रीमती अमृता रावत
30.11.2010

*13. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान सरकार के शासनकाल में वर्षवार किस–किस समाचार पत्र अथवा पत्रिकाओं तथा इलैक्ट्रोनिक मीडिया को अब तक कितने–कितने मूल्य के विज्ञापन प्रकाशनार्थ/प्रसारणार्थ दिये गये है और उक्त विज्ञापनों से राज्य सरकार को क्या लाभ हुआ है? उक्त विज्ञापनों को दिए जाने का आधार एवं औचित्य क्या है?

सूचना

श्री मयूख महर
09.12.2010

*14. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा के प्रथम सत्र, 2008 के प्रथम मंगलवार हेतु प्रश्नकर्ता द्वारा पृच्छित अतारांकित प्रश्न संख्या 10 के उत्तरालेख के सन्दर्भ में अवगत कराया गया था कि वित्तीय संसाधन उपलब्ध होने की स्थिति में जनपद पिथौरागढ़ में ट्रामा सेन्टर खोला जायेगा? यदि हां, तो मा0 मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि दो वर्ष व्यतीत होने के उपरान्त भी पिथौरागढ़ में ट्रामा सेन्टर न खोलने के क्या कारण है तथा इन दो वर्षों में प्रदेश में किन जगहों में कितने ट्रामा सेन्टर खोले गये है? क्या सरकार पिथौरागढ़ में ट्रामा सेन्टर खोलने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्री मयूख महर
14.12.2010

*15. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि न0पा0 पिथौरागढ द्वारा एन0एच0 नैनीपाताल में कूडा डालने की प्रकिया में पर्यावरण नियमों का पालन किया जा रहा है? यदि हां, तो उक्त नियम क्या है? यदि नहीं, तो क्या विभाग उक्त खुले स्थान में कूडा डालने पर न0पा0 पिथौरागढ पर कोई कार्यवाही करेगी?

पर्यावरण

कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन"
16.12.2010

*16. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में पुलिस विभाग के पास प्रत्येक जनपद में अत्याधुनिक कॉम्बेट हथियारों की श्रेणी में, पर्याप्त संख्या में ए0के0–47 राइफल मौजूद हैं? यदि नहीं, तो क्या सरकार पुलिस विभाग को अतिरिक्त ए0के0–47 की उपलब्धता राज्य हित में सुनिश्चित कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन"
16.12.2010

*17. क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि प्राचीन काल से कुश्ती, भारत वर्ष की खेल संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है? क्या यह सत्य है कि उत्तराखण्ड के युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2009 में कुश्ती को खेल सूची से हटा दिया गया है? यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि भारत के अन्य राज्यों में कुश्ती को खेल सूची में यथावत रखा गया है? यदि हां, तो क्या राज्य सरकार इस महत्वपूर्ण प्राचीन खेल कला को संरक्षण प्रदान कराते हुए, युवा कल्याण विभाग की खेल सूची में पुनः स्थापित कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

खेल

श्री मयूख महर
16.12.2010

*18. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्रार्थियों को दिये जाने वाली सहायता राशि प्राप्त करने वालों हेतु क्या कोई पात्रता का मानक है? क्या यह राशि सेवारत कर्मचारी/सेवानिवृत कर्मचारी तथा एक ही परिवार में अनेक सदस्यों को दी जा सकती है? क्या उक्त राशि के लिए प्रदेश के विधायकों द्वारा दिये प्रस्तावों पर विचार किया गया है? यदि हां, तो प्रदेश के किन–किन विधायकों के प्रस्तावों पर कितनी–कितनी राशि बांटी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों?

मुख्यमंत्री कार्यालय

कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन"
22.12.2010

*19 क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा शस्त्र अधिनियम की नोटिफिकेशन संख्या–5197–VIII–सैक्शन 5–468–80, दिनांक 31 अक्टूबर, 1980 का उल्लघंन कर, आग्नेयास्त्रों के कारतूस क्रय सीमा हेतु निर्धारित संख्या में कमी कर दी गई है? क्या शस्त्र लाईसेन्स संख्या–1669/थाना मंगलौर–07/हरिद्वार में .22 बोर राईफल हेतु एक वर्ष में क्रय सीमा–50 (पचास), तथा एक बार में क्रय सीमा 10 (दस) दर्शाई गई है, जबकि शस्त्र नियम के अनुरूप वार्षिक क्रय सीमा–100 (सौ), तथा एक बार में क्रय सीमा 25 (पच्चीस) दर्ज है? यदि हां, तो विसंगति का क्या कारण है? क्या सरकार उक्त आग्नेयास्त्र हेतु कारतूस क्रय सीमा को नियमानुसार पुनःनिर्धारित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
24.12.2010

*20. क्या उर्जा मंत्री अवगत हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित विद्युत मीटरों की 3 वर्ष की गारण्टी है, लेकिन अधिकांश लगभग (80%) मीटर लगाये जाने के कुछ ही समय पश्चात खराब हो गये है? क्या सरकार उक्त दोषपूर्ण मीटरों के आपूर्तिकर्ताओं के विरूद्ध कोई कार्यवाही करेंगी? यदि हां, तो क्या और कब तक? यदि नहीं,तो क्यों?

ऊर्जा

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

श्री जोत सिंह गुनसोला
03.02.2010

1. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न विभाग में विकलांगों हेतु विभिन्न श्रेणियों में कुल कितने पद आरक्षित हैं तथा उनके सापेक्ष अब तक कितने पदों को भरा गया है? क्या सरकार जनपद वार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

कार्मिक

श्री किशोर उपाध्याय
30.11.2010

2. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार नई टिहरी एवं आस–पास के क्षेत्र के विकास हेतु महायोजना का नवीन प्रारूप बनाने जा रही है तथा नयी महायोजना का निर्माण कर रही हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

आवास

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री किशोर उपाध्याय<br>15.11.2010 | 1. क्या कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लोक सेवा आयोग की परिधि के कितने पद रिक्त हैं? इन रिक्त पदों पर सरकार कब तक नियुक्ति की प्रकिया पूर्ण कर देगी? | कार्मिक |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>15.11.2010 | 2. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के अन्तर्गत लालढांग से कोटद्वार को जोडने वाले चिलरखाल–लालढांग वन मोटर मार्ग के सुदृढीकरण हेतु शासन द्वारा जारी शासनादेश संख्या 2454/(1)–2/05–07(प्रा0आ0)/05टी0सी0 दिनांक 28.10.05 के अनुक्रमांक 41 के अनुसार उक्त वन मोटर मार्ग के निर्माण कार्य के विलम्ब के क्या कारण है? उक्त वन मोटर मार्ग के निर्माण हेतु स्वीकृत 190.45 लाख धनराशि कब तक अवमुक्त की जायेगी? क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग निर्माण हेतु विभाग को शीघ्र धनराशि अवमुक्त करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>15.11.2010 | 3. क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि घोषणा संख्या 117/2010 दिनांक 24.05.2010 को विधान सभा क्षेत्र कोटद्वार के अन्तर्गत फायर स्टेशन से खो नदी तक लम्बी 01 कि0मी0 हॉटमिक्स सड़क निर्माण की घोषणा की गई थी? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क निर्माण हेतु विभाग को शीघ्र धनराशि अवमुक्त करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री यशपाल बेनाम<br>16.11.2010 | 4. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 17 जुलाई, 2009 को उत्तराखण्ड परा चिकित्सा परिषद् अधिनियम 2009 के अधिनियमित होने कि पश्चात् भी राज्य में परा चिकित्सा परिषद् का गठन न किये जाने के क्या कारण है? उत्तराखण्ड परा चिकित्सा परिषद् का गठन कब तक कर दिया जाएगा? क्या स्वास्थ्य मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि बैचुलर इन फिजियोथिरेपी (बी0पी0टी0) के स्नातकों हेतु राजकीय चिकित्सालयों में फिजियोथिरेपिस्ट के पद सृजित है? यदि हां, तो क्या सरकार बैचुलर इन मेडिकल रेडियोडॉग्नोसिस एण्ड इमेजिंग टैक्नोलॉजी (बी0एम0आर0डी0आई0टी0) के स्नातकों हेतु राजकीय चिकित्सालयों में पद सृजित करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? | स्वास्थ्य |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>16.11.2010 | 5. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार मोटर मार्गों के डामरीकरण हेतु नीति का निर्धारण कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>16.11.2010 | 6. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी जनपद के अन्तर्गत टिपरी–रोडधार मोटर मार्ग का डामरीकरण कब तक कर दिया जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>16.11.2010 | 7. क्या कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में शासनाधीन लोक सेवा आयोग के परिधि के बाहर के कुल कितने पद रिक्त हैं तथा उक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या कार्रवाई कर रही हैं? | कार्मिक |

| | | |
|---|---|---|
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>16.11.2010 | **8.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि घोषणा संख्या 450/2009 दिनांक 24.11.2009 को हरिद्वार–लालढांग–हल्द्वानी मोटर मार्ग को शीघ्र पूर्ण करने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी? यदि हां, तो उक्त मोटर मार्ग के निर्माण कार्य के विलम्ब के क्या कारण हैं? क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग निर्माण हेतु शीघ्र धन अवमुक्त करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>18.11.2010 | **9.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की उन्नति हेतु सरकार नीति बना रही हैं? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| **श्री शैलेन्द्र सिंह रावत**<br>**18.11.2010** | **10. आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।** | ऊर्जा |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>19.11.2010 | **11.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत राजकीय संयुक्त चिकित्सालय, कोटद्वार में आधुनिक सुविधाओं युक्त डायग्नोस्टिक सेन्टर की स्थापना को प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई हैं? यदि हां, तो सरकार कोटद्वार में डायग्नोस्टिक सेन्टर की स्थापना कब तक करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>19.11.2010 | **12.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि घोषणा संख्या 446/2009 दिनांक 24.11.2009 के अन्तर्गत कोटद्वार विधान सभा क्षेत्र में बी0ई0एल0 के पास नदी पर पुल के निर्माण हेतु मुख्य मंत्री द्वारा घोषणा की गई थी? यदि हां, तो क्या सरकार इसके निर्माण हेतु शीघ्र धन अवमुक्त करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>22.11.2010 | **13.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि कोटद्वार विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कण्वाश्रम में मालिनी नदी पर मोटर सेतु का निर्माण शासन द्वारा स्वीकृति दिये जाने के उपरान्त भी अभी तक निर्माण कार्य न कराये जाने के क्या कारण हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>22.11.2010 | **14.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि कोटद्वार विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पुलिंडा में भू–स्खलन के कारण गांव की पूरी आबादी खतरे की जद में हैं? क्या सरकार द्वारा उक्त ग्राम का पुनर्वास किया जाना प्रस्तावित हैं? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त ग्राम के पुनर्वास की प्रक्रिया प्रारम्भ कर ली गई हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>22.11.2010 | **15.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कोटद्वार में स्थापित होने वाला ट्रामा सेन्टर का निर्माण कार्य मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा शिलान्यास किये जाने के उपरान्त भी प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार जनहित में उक्त ट्रामा सेन्टर का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>23.11.2010 | **16.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सड़कों के निर्माण की क्या प्रगति है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कुल कितनी सड़कों का कार्य धीमी गति से चल रहा है तथा इन सड़कों के निर्माण में तेजी लाने के लिए क्या सरकार द्वारा कोई कार्रवाई की गई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>23.11.2010 | **17.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2010 में प्रदेश के अन्तर्गत आपदा से कितनी घटनायें घटित हुई तथा कितनी जनहानि व परिसम्पत्तियां क्षतिग्रस्त हुई है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि आपदा से क्षतिग्रस्त विभिन्न परिसम्पत्तियों तथा सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या है तथा प्रभावित लोगों को कुल कितनी सरकारी सहायता प्रदान की जा चुकी है? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>23.11.2010 | **18.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विगत् तीन वर्षों में सूखा राहत के अन्तर्गत कुल कितनी धनराशि का वितरण किया गया? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में सूखा राहत की धनराशि का वितरण सभी प्रभावित किसानों को किया जा चुका है? यदि हां, तो कब तथा कितना? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>23.11.2010 | **19.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत काशीरामपुर तल्ला गुलर के पेड़ के सामने लालपानी स्नेह क्षेत्र में सेतु का निर्माण किया जाना अत्यन्त आवश्यक हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में सेतु का निर्माण कब तक प्रारम्भ करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>23.11.2010 | **20.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि घोषणा संख्या 116/2010 दिनांक 24.04.2010 विधान सभा क्षेत्र कोटद्वार के अन्तर्गत उमरावनगर, मौटाढाक से मुख्य सड़क तक 1.5 कि0मी0 सड़क हॉटमिक्स की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क निर्माण हेतु विभाग को शीघ्र धन अवमुक्त करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>23.11.2010 | **21.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि रा0 संयुक्त चिकित्सालय कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल में रक्त कोष भवन का निर्माण कार्य कई वर्षों पूर्व पूर्ण हो चुका हैं तथा रक्त कोष संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग को लाइसेन्स भी प्राप्त हो चुका हैं? यदि हां, तो अब तक रक्त कोष भवन का संचालन प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण हैं? क्या स्वास्थ्य मंत्री बतायेंगे कि रक्त कोष का संचालन कब तक प्रारम्भ हो पायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>23.11.2010 | **22.** क्या चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2009 से वर्तमान तक कुल कितनी पी0एच0सी0 तथ सी0एच0सी0 कार्य कर रही थी? क्या इन सब में मानकों के अनुरूप डाक्टर व कर्मचारी उपलब्ध हैं? यदि नहीं, तो सरकार कब तक उक्त अस्पतालों में डाक्टर व कर्मचारी उपलब्ध करवायेगी? क्या सरकार प्रदेश की जनता के सुख सुविधा हेतु प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर मोबाईल अस्पताल मय डाक्टर व स्टाफ भी उपलब्ध करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |

श्री जोत सिंह गुनसोला
23.11.2010

**23.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के लोक सेवा आयोग के गठन से वर्तमान तक कुल कितने विभागों के कितने पदों पर नियुक्ति आयोग द्वारा कर दी गयी है? क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा अधियाचन भेजे जाने के बाद भी वर्षो तक इस पर कार्यवाही नहीं की जा रही है? यदि हां, तो क्या सरकार इस सन्दर्भ में नियुक्ति प्रकिया को गतिशील बनाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**कार्मिक**

श्रीमती अमृता रावत
23.11.2010

**24.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत केन्द्रीय सड़क निधि से किन–किन मोटर मार्गों को कितने–कितने कि0मी0 के सुधार एवं सुदृढीकरण कार्य हेतु विगत तीन वर्षो में स्वीकृत धनराशि का मार्गवार विवरण क्या है तथा इन मार्गों पर किए जा रहे निर्माण कार्यो की अध्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक उक्त मार्गों का सुधार एवं सुदृढीकरण का कार्य पूर्ण किया जायेगा? क्या यह भी सत्य है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के कतिपय मोटर मार्गों के सुधार एवं सुदृढीकरण हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किए गए हैं? यदि हां, तो उक्त मोटर मार्गों तथा उनकी लम्बाई तथा प्रस्तावित धनराशि का विवरण क्या है तथा इन मार्गों के प्रस्ताव भारत सरकार को कब–कब प्रेषित किए गए हैं तथा इन प्रस्तावों पर कब–तक स्वीकृति मिल जायेगी?

**लोक निर्माण**

श्रीमती अमृता रावत
23.11.2010

**25.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में ए0डी0बी0 के अन्तर्गत किन–किन मोटर मार्गों का कितने–कितने कि0मी0 सुधार एवं सुदृढीकरण हेतु कितनी–कितनी धनराशि कब–कब स्वीकृत की गई है तथा इन मोटर मार्गों के सुधार एवं सुदृढीकरण कार्यों की प्रगति की अध्यतन स्थिति क्या है तथा इन मार्गों का सुधार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा? क्या यह भी सत्य है कि ए0डी0बी0 के अन्तर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के संबंध में अनेक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं? यदि हां, तो इन निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं? यदि नहीं, तो गैंठीछेड़ा–दोन्दल मोटर मार्ग तथा सतपुली–दुधारखाल मोटर मार्ग और सन्तूधार–नौंगावखाल–चौबट्टाखाल मोटर मार्ग पर किये जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में सुधार के लिए किए गऐ प्रयासों का मार्गवार विवरण क्या हैं?

**लोक निर्माण**

श्रीमती अमृता रावत
24.11.2010

**26.** विधान सभा के प्रथम सत्र, 2010 के प्रथम सोमवार को उत्तरित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–38 के कम में क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के स्थान बैजरों में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के विस्तार हेतु प्रश्नकर्ता का प्रस्ताव विभाग में कब प्राप्त हुआ है और प्राप्त प्रस्ताव पर अब तक की गई कार्यवाही तथा हुई प्रगति का विवरण क्या है?

**लोक निर्माण**

श्रीमती अमृता रावत
24.11.2010

27. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में अब तक वाक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से संविदा पर नियुक्ति/तैनाती चिकित्सकों का जनपदवार विवरण क्या है तथा इन्हें कब से किन–किन जनपदों के किन–किन चिकित्सालयों में नियुक्त/तैनात किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि राज्य में रिक्त पदों पर चिकित्सकों की तैनाती/नियुक्ति करने की क्या योजना और कब तक राज्य के समस्त चिकित्सालयों में रिक्त पदों पर चिकित्सकों की तैनाती/नियुक्ति की जायेगी?

**स्वास्थ्य**

श्रीमती अमृता रावत
24.11.2010

28. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत नौगांवखाल–तुनाखाल मोटर मार्ग से ग्राम दुन्दराकोटी–सीला तल्ला–गजेरसैंण तक 03 कि0मी0 मोटर मार्ग निर्माण हेतु प्रस्ताव/आगणन स्वीकृति हेतु शासन में कब प्राप्त हुआ है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रस्तुत प्रस्ताव/आगणन पर वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने/करवाने की दिशाओं में अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जायेगी?

**लोक निर्माण**

श्रीमती अमृता रावत
25.11.2010

29. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत वर्ष 2006–07 से अब तक स्वीकृत मोटर मार्गों तथा उनके निर्माण हेतु स्वीकृत धनराशि का विकास खण्ड वार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त स्वीकृत मोटर मार्गों के निर्माण कार्य की प्रगति का मार्ग वार विवरण क्या है और कब तक उक्त मार्गों का निर्माण करवाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

**लोक निर्माण**

श्रीमती अमृता रावत
25.11.2010

30. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में चीड़ के पेड़ों को काट कर, उनके स्थान पर बुरास, बांज देवदार आदि प्रजाति के पेड़ लगवाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो उक्त योजना पर अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या हैं?

**वन एवं पर्यापरण**

श्रीमती अमृता रावत
26.11.2010

31. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के अन्तर्गत उमरासू–धिण्डवाड़ा तथा व्यासघाट–नौगांव निर्माणाधीन मोटर मार्ग के निर्माण से आ रहे मलवे के कारण देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग को भारी वाहनों के संचालन हेतु उपलब्ध नही करवाया जा रहा है? देवप्रयाग–व्यासघाट मोटरमार्ग को कब तक भारी वाहनों के संचालन हेतु उपलब्ध किया जायेगा तथा अब तक उक्त मोटर मार्ग के निर्माण एवं अनुरक्षण पर कब–कब कितनी धनराशि किस–किस मद से व्यय की गई हैं?

**लोक निर्माण**

श्रीमती अमृता रावत
26.11.2010

32. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अवर अभियंता से अधिशासी अभियंता तक के स्वीकृत/कार्यरत तथा रिक्त पदों का डिवीजनवार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि रिक्त पदों पर अभियंताओं की कब तक नियुक्ति की जायेगी?

**लोक निर्माण**

श्रीमती अमृता रावत
29.11.2010

**33.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2010 में भारी वर्षा के कारण उत्पन्न दैवीय आपदा से जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त सरकारी एवं गैर सरकारी परिसम्पत्तियों का विकास खण्डवार विवरण क्या हैं? दैवीय आपदा से प्रभावित परिवारों/गांवों के पुनर्वास हेतु सरकार द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विकास खण्डवार विवरण क्या है? क्या सरकार क्षतिग्रस्त सरकारी एवं गैरसरकारी परिसम्पत्तियों की मरम्मत/जीर्णोद्वार अथवा पुनर्निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक?

**आपदा प्रबन्धन**

श्री मयूख महर
29.11.2010

**34.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग अस्कोट (पिथौरागढ़) के पत्रांक संख्या– 2 एस0सी0 दिनांक जनवरी 16/2009 के क्रम में सिंगाली दिगरा मोटर मार्ग के सिंगाली बस्तडी तक 2.50 कि0मी0 के प्रथम चरण का सर्वेक्षण कार्य तथा वन भूमि हस्तान्तरण का कार्य पूर्ण हो चुका है? क्या यह सत्य है कि अभी तक उक्त मार्ग का कार्य प्रारम्भ नही किया गया है? क्या सरकार यह भी बतायेंगे कि इसी कार्य के द्वितीय चरण हेतु मु0अभियन्ता लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा के पत्रांक 7579/1132 याता–कु0/2007 दिनांक 12.09.2007 के आधार पर अभी तक इस कार्य हेतु क्या कार्यवाही की गयी है? क्या उक्त मोटर मार्ग को सरकार बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्रीमती अमृता रावत
30.11.2010

**35.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों को आपदा राहत निधि के अन्तर्गत मरम्मत किये जाने के संबंध में खण्ड विकास अधिकारी बीरोंखाल, पौड़ी गढ़वाल को सम्बोधित जिलाधिकारी गढ़वाल के पत्रांक–942/13–सी0आर0ए0 (09–10) दिनांक 27 मार्च, 2010 के अनुपालन में की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का परिसम्पत्तिवार विवरण क्या है तथा कब तक उक्त परिसम्पत्तियों की आवश्यक मरम्मत/पुनर्निर्माण/जीर्णोद्वार किया जायेगा?

**आपदा प्रबन्धन**

श्रीमती अमृता रावत
30.11.2010

**36.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौडी गढ़वाल में वर्ष 2007 से अब तक विद्युतीकृत गांवों/उपगांवों तथा विद्युतीकरण हेतु स्वीकृत धनराशि का विकास खण्डवार विवरण क्या है तथा अविद्युतीकृत गांवों/उपगांवों का विकास खण्डवार विवरण क्या है और कब तक उक्त गांवों का विद्युतीकरण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

**ऊर्जा**

श्रीमती अमृता रावत
30.11.2010

**37.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन में अधिकारियों तथा अन्य कर्मचारियों के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का मुख्यालय सहित जनपदवार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त रिक्त पदों को भरने के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही एवं हुई प्रगति का विवरण क्या हैं तथा कब तक रिक्त पदों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति/तैनाती की जायेगी?

**ऊर्जा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>30.11.2010 | **38.** | क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी के अन्तर्गत कोटद्वार में सुखरों से घराट को जोडने वाले घराट मुण्डला वन मोटर मार्ग के सुदृढीकरण हेतु शासनादेश हो चुका हैं? क्या यह सत्य है कि वन विभाग के निर्देशन में अभी तक उक्त मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री मयूख महर<br>30.11.2010 | **39.** | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में जौलजीबी से झूलाघाट के मध्य अब तक कुल कितने कि0मी0 मोटर मार्ग का निर्माण किया जा चुका है तथा किस वर्ष इस मार्ग के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी? क्या उक्त कार्य हेतु विधिवत रूप से वन क्षेत्र में निर्माण हेतु वन विभाग की सैद्वान्तिक व विधिवत अनापत्ति प्राप्त कर ली गयी थी? यदि हां, तो अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति उपलब्ध करायेंगे? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>01.12.2010 | **40.** | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के स्थान बैजरों में लोक निर्माण विभाग के निर्माण खण्ड में रिक्त पदों पर अभियन्ताओं एवं अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति/तैनाती की दिशा में अब तक किए गए प्रयासों का विवरण क्या है? क्या यह सत्य है कि उक्त खण्ड में मात्र दो अवर अभियन्ता संविदा पर कार्यरत है और किसी भी स्थायी अवर अभियन्ता की तैनाती न होने के कारण निर्माण एवं विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं? यदि हां, तो कब तक रिक्त पदों पर नियुक्ति/तैनाती की जायेगी? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>01.12.2010 | **41.** | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि राज्य में मोटर मार्गो के अनुरक्षण हेतु गैंग में कर्मियों/श्रमिकों की नियुक्ति पर वर्ष 2004 से रोक लगी हुई है? यदि हां, तो तब से अब तक गैंग में कार्यरत कितने कर्मियों/श्रमिकों को सेवा निवृत किया गया है? क्या यह सत्य है कि गैंग में श्रमिकों/कर्मियों की नियुक्ति न होने के कारण छोटी सी स्लिप आ जाने पर मार्ग कई दिनों तक यातायात हेतु बन्द रहता हैं? यदि हां, तो उक्त समस्या के निवारण हेतु सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की गई है? यदि नहीं, तो मोटर मार्गों के नियमित अनुरक्षण की क्या वैकल्पिक व्यवस्था है? क्या सरकार उक्त मोटर मार्गों के नियमित अनुरक्षण हेतु गैंग में श्रमिकों की तैनाती करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| **श्रीमती अमृता रावत<br>01.12.2010** | **42.** | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** | वित्त |

श्रीमती अमृता रावत
01.12.2010

43. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड शासन के लोक निर्माण विभाग के पत्र संख्या–5367/111(2)–10–31(एम0एल0ए0)/2010 दिनांक 25 अगस्त, 2010 तथा पत्र संख्या–5473/111(2) –10–01(एम0पी0)/2010 दिनांक 09 सितम्बर, 2010 के द्वारा बीरोंखाल विधान सभा क्षेत्र की 20 कि0मी0 लम्बाई के 07 मोटर के निर्माण हेतु आगणन तत्काल शासन को उपलब्ध करवाने हेतु मुख्य अभियन्ता (गढ़वाल क्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, पौड़ी गढ़वाल को निर्देशित किया गया हैं? यदि हां, तो मुख्य अभियन्ता (गढ़वाल क्षेत्र) से उक्त 07 मोटर मार्गों के आगणन शासन में कब प्राप्त हुए हैं तथा उक्त मोटर मार्गों के निर्माण हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने की दिशा में अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक उक्त प्रस्तावित 07 मोटर मार्गों के निर्माण हेतु स्वीकृति जारी की जायेगी?

लोक निर्माण

श्री शेर सिंह गढ़िया
01.12.2010

44. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2010 में प्रदेश के अन्तर्गत दैवीय आपदा के कारण कुल कितनी सड़कें क्षतिग्रस्त हुई? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या है तथा सरकार को कुल कितनी क्षति हुई? क्या सरकार क्षतिग्रस्त सड़कों का जीर्णोद्वार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

**श्री जोत सिंह गुनसोला**
**01.12.2010**

**45. निदेश संख्या 26(1) द्वारा उत्तरित।**

नागरिक उड्डयन

श्री जोत सिंह गुनसोला
01.12.2010

46. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों हेतु स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत वर्तमान सरकार के कार्यकाल में वर्षवार, जिलेवार 2009–2010 तक किन–किन कार्यक्रमों को लागू करवाकर कितने लाभार्थियों को कार्यक्रमों का लाभ मिला? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्री जोत सिंह गुनसोला
01.12.2010

47. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पार्कों, पक्षी विहारों की स्थापना हेतु नियमानुसार अंतिम अधिसूचना भारत सरकार वन्य प्राणी मंत्रालय द्वारा जारी कर दी गयी है? प्रख्यापित किये गये पार्कों व पक्षी विहारों के नाम एवं क्षेत्र क्या हैं? क्या सरकार द्वारा मसूरी में विनोगहिल वन्य जीव पक्षी विहार–माउन्टेन क्लेव की स्थापना की गयी हैं? उक्त हेतु सरकार द्वारा कितनी भूमि अधिगृहीत की गयी है? क्या यह सत्य है कि नगर पालिका परिषद मसूरी द्वारा उक्त पक्षी विहार के लिए 334 हेक्टेअर एम0आर0एफ0 भूमि प्रस्तावित थी? क्या उक्त भूमि नगर पालिका परिषद को वापस किये जाने पर विचार किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक?

वन

श्री मयूख महर
01.12.2010

48. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में कुल कितने विद्युत उपभोक्ता है तथा प्रतिमाह जनपद में कुल कितनी यूनिट विद्युत खपत होती है? क्या यह सत्य है कि मण्डल कार्यालय 190 कि0मी0 दूर रानीखेत होने के कारण उपभोक्ताओ को परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं? यदि हां, तो सरकार पिथौरागढ़ में मण्डल कार्यालय तथा डीडीहाट में खण्ड कार्यालय खोलने पर विचार कर रही हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>01.12.2010 | **49.** क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि जी0बी0 पन्त इंजीनियरिंग कालेज घुडदौड़ी पौड़ी में बी0ई0 अन्तिम वर्ष के छात्र अविचल पंत की दिनांक 19 मई, 2009 को कालेज हास्टल में हत्या कर दी गयी थी? यदि हां, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की जा रही हैं? सरकार भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्या कदम उठा रही हैं? क्या सरकार द्वारा मृतक के परिवार को कोई सहानुभूति राशि प्रदान की गयी हैं? यदि हां, तो कितनी और कब? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्रीमती अमृता रावत<br>02.12.2010 | **50.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 31 मार्च, 2007 तक स्थापित/स्वीकृत एलोपैथिक/आयुर्वेदिक एंव होम्योपैथिक चिकित्सालयों का जनपदवार विवरण क्या है तथा उक्त तिथि के उपरान्त स्वीकृत एलोपैथिक/आयुर्वेदिक एंव होम्योपैथिक चिकित्सालयों का जनपदवार विवरण क्या है? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती अमृता रावत<br>02.12.2010 | **51.** विधान सभा के द्वितीय सत्र, 2009 के प्रथम सोमवार को उत्तरित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–03 के कम में क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बहेड़ाखाल में लोक निर्माण विभाग का निरीक्षण भवन का सम्पूर्ण निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्दर करवा लिए गए हैं? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि निरीक्षण भवन से सभी निर्माण कार्यो, पहुंच मार्ग, जल संयोजन, विद्युत फिटिंग आदि का सम्पूर्ण भुगतान कर दिया गया हैं? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>02.12.2010 | **52.** विधान सभा के द्वितीय सत्र, 2009 के प्रथम सोमवार को उत्तरित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–82 के कम में क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बाड़ियूं–जखनोली–कुण्डकली–दिऊसा मोटर मार्ग का निर्माण निर्धारित समय सीमा के अन्दर करवाकर, सम्भागीय परिवहन अधिकारी के निरीक्षणोंपरान्त निर्मित मोटर मार्ग पर बस सेवाएं उपलब्ध करवा दी गई हैं? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>02.12.2010 | **53.** विधान सभा के तृतीय सत्र, 2009 के प्रथम सोमवार को उत्तरित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–28 के कम में क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देवप्रयाग–पौड़ी–उमरासू–घिण्डवाड़ा तथा व्यासघाट–नौगांव मोटर मार्गों से मलवा आने के कारण देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग को अभी तक बस सेवाओं के संचालन हेतु उपलब्ध नहीं करवाया जा सका है? यदि हां, तो मलवे की रोकथाम हेतु ब्रेस्टवाल का निर्माण कब किया गया तथा देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग को कब तक बस सेवाओं के संचालन हेतु उपलब्ध कर दिया जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>02.12.2010 | **54.** विधान सभा के तृतीय सत्र, 2009 के प्रथम सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–17 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र वीरोंखाल के अन्तर्गत अब तक किन–किन एलोपैथिक तथा आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में रिक्त पदों पर चिकित्सकों एवं फार्मासिस्टों की तैनाती की गई है और किन–किन चिकित्सालयों से चिकित्सकों एवं फर्मासिस्टों को स्थानान्तरित किया गया है? | स्वास्थ्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>29.11.2010 | 55. | क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड थैलीसैंण के बूंगीधार, चौथान क्षेत्र के वनों/भूमि से किनगौड़ा की जड़े खोदकर निकाली जा रही है जिसके कारण पर्यावरण पर भारी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और वन सम्पदा को भी नुकसान पंहुच रहा हैं? यदि हां, तो किनगौड़ा की जडें किस के आदेश से किसके द्वारा खोदकर निकाली जा रही है? क्या सरकार उक्त के संरक्षण एवं संबर्द्धन हेतु कोई कारगर उपाय कर रही है तथा नष्ट हो रही वन सम्पदा के प्रति उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | वन एवं पर्यावरण |
| श्री मयूख महर<br>29.11.2010 | 56. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उपजिलाधिकारी पिथौरागढ़ के पत्रांक ज्ञाप/मिशन चण्डाक/2009 दिनांक जुलाई 25..2009 में उधृत भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 03 एवं 04 के अन्तर्गत प्रदेश सरकार मिशन चण्डाक पिथौरागढ़ की भूमि को अधिकृत कर आरक्षित वन घोषित करने पर विचार कर रही हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो उक्त पत्र उधृत 1055 नाली 03 मुट्ठी भूमि के रख रखाव व उस पर वर्तमान में स्थित 3473 वृक्षों को अवैध कब्जे एवं पातन से बचाने के लिये क्या व्यवस्था कर रही है? | वन |
| श्री मयूख महर<br>02.12.2010 | 57. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने विद्युत संविदा कर्मचारी कार्यरत है तथा उक्त कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी कितना दिया जाता है? क्या सरकार उक्त कर्मचारियों को उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन में समायोजित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्रीमती अमृता रावत<br>03.12.2010 | 58. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी (गढ़वाल) के मुख्यालय में स्थित जिला चिकित्सालयों में चिकित्सकों/विशेषज्ञ चिकित्सकों, फार्मासिस्टों, टैकनीशियनों तथा पैरा मैडिकल स्टाफ आदि के सृजित/कार्यरत तथा रिक्त पदों का चिकित्सालयवार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त रिक्तयों को भरने की दिशा में अब तक किए गए प्रयासों और उनके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक रिक्त पदों पर तैनाती की जायेगी? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती अमृता रावत<br>03.12.2010 | 59. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय बसन्तपुर के भवनों के अवशेष निर्माण के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता के दिनांक 15.09.2008 के पत्र के उत्तर में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, आयुष एवं आयुष शिक्षा उत्तराखण्ड शासन देहरादून के अ0शा0 पत्र संख्या 542/पी0एस0/प्र0स0/2008 दिनांक 19 नवम्बर, 2008 के द्वारा मेरे उक्त सन्दर्भित पत्र में उठाए गये समस्त बिन्दुओं का पुनरीक्षण किए जाने तथा भूमि की उपलब्धता न होने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता द्वारा दी गई सूचना का विशेष परीक्षण किये जाने की जानकारी दी गई है? यदि हां, तो कराए गए परीक्षण और परिणामों का विवरण क्या है तथा भूमि की उपलब्धता सम्बन्धी गलत सूचना देने के प्रति कौन उत्तरदायी है? | स्वास्थ्य |

श्रीमती अमृता रावत 03.12.2010

**60.** विधान सभा के तृतीय सत्र, 2009 के प्रथम सोमवार को प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–09 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत भवन एवं भूमि विहीन आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों के लिए भूमि अर्जित करने में अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक उक्त चिकित्सालयों के भवन निर्माण हेतु भूमि अर्जित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है? क्या स्वास्थ्य मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 1998 से वर्ष 2000 तक स्थापित किए गए उक्त चिकित्सालयों के भवन निर्माण हेतु भूमि अर्जित न किए जाने के कारण क्या है?

स्वास्थ्य

श्रीमती अमृता रावत 03.12.2010

**61.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में किन–किन चिकित्सालयों/उपकेन्द्रों के भवन निर्माण हेतु वर्ष 2007–08 से अब तक कितनी–कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि भवनों के निर्माण की वर्तमान स्थिति/प्रगति क्या है और कब तक उक्त भवनों का निर्माण किया जायेगा?

स्वास्थ्य

श्रीमती अमृता रावत 03.12.2010

**62.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के लोक निर्माण विभाग में जनपद स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का जनपदवार विवरण क्या है तथा रिक्त पदों पर कब तक नियुक्तियां की जायेगी?

लोक निर्माण

श्री मयूख महर 03.12.2010

**63.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग को वर्ष 2007–10 तक जनपद पिथौरागढ़ के प्रत्येक विधान सभावार दैवीय आपदा मद से कुल कितना धन किन–किन कार्यों हेतु आवंटित किया गया है तथा दैवीय आपदा मद द्वारा प्राप्त धन से विभाग ने कितने नये कार्यों को प्रारम्भ किया है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इनमें से कितने कार्य सलेक्शन बाण्ड द्वारा तथा कितने कार्य निविदा द्वारा सम्पन्न कराये जा रहे हैं?

लोक निर्माण

**श्री मयूख महर 03.12.2010**

**64.** **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**

लोक निर्माण

श्रीमती अमृता रावत 06.12.2010

**65.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि गढ़वाल मण्डल के मुख्यालय पौड़ी में स्थित जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सको एवं अन्य चिकित्सकों, टैक्निशियनों और कर्मचारियों के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण क्या है तथा रिक्तियों के भरने की दिशा में सरकार द्वारा की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है? क्या सरकार उपरोक्त रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक?

स्वास्थ्य

श्रीमती अमृता रावत 06.12.2010

**66.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा के प्रथम सत्र, 2010 के द्वितीय मंगलवार को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या–13 के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मोटर मार्गों के निर्माण से जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत–63 पेयजल योजनाएं क्षतिगस्त हुई हैं जिनकी मरम्मत/जीर्णोद्वार हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान पौड़ी गढ़वाल को वांछित धनराशि उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है जिसके कारण उक्त क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं की आवश्यक मरम्मत नही हो पा रही है? यदि हां, तो मोटर मार्गों के निर्माण से क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं की मरम्मत हेतु कब तक धनराशि उपलब्ध कर दी जायेगी?

लोक निर्माण

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री जोत सिंह गुनसोला 06.12.2010 | 67. | क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी नगर क्षेत्र के अन्तर्गत शहीद आन्दोलनकारियों के नाम पर विभिन्न मार्गों, विद्यालयों तथा अन्य सरकारी योजनाओं का नामकरण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 06.12.2010 | 68. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के वन क्षेत्रों में बसे गोट एवं वनवासियों के पुर्नवास की योजना बनायी गयी है? यदि हां, तो अब तक कुल कितने गोट एवं वनवासियों को पुर्नवासित किया गया है? उक्त योजना के अन्तर्गत वन गुज्जरों की स्थिति क्या हैं? क्या चिन्हित सभी वन गुज्जर परिवारों को पुर्नवास का लाभ प्राप्त हो गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री मयूख महर 06.12.2010 | 69. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में बेस हास्पीटल खोलने हेतु सरकार की कोई योजना हैं? यदि हां, तो क्या उक्त कार्य हेतु बजट एवं स्थान निश्चित किया गया है व क्या इस हेतु इस वित्तीय वर्ष में कोई धनराशि निर्धारित की गयी है? यदि हां, तो कितनी? क्या इस आशय हेतु पूर्व में जारी शासनादेश को निरस्त कर नया शासनादेश जारी किया गया है? यदि हां, तो उसका विवरण उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री मयूख महर 06.12.2010 | 70. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला चिकित्सालय पिथौरागढ़ में वर्ष 2010 से पंजीकरण शुल्क में कितने प्रतिशत की वृद्धि की गयी है? क्या यह सत्य है कि शुल्क वृद्धि के उपरान्त भी रोगियों को उपचार सामग्री बाहर से कय करनी पड़ रही है? क्या यह सत्य है कि अस्पताल में निर्धारित क्षमता से ज्यादा रोगियों को उपचार भर्ती सुविधा दी जाती है जिस कारण निर्धारित बजट में यथोचित उपचार न हो पाने से बाजार से औषध सामग्री कय करने के कारण जनता में रोष व्याप्त है? क्या सरकार उक्त समस्या के निराकरण हेतु अस्पताल में बैडो की संख्या बढाने तथा उपचार सामग्री कय हेतु बजट बढाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 07.12.2010 | 71. | क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2009 से वर्तमान तक सरकार ने कितने आवास, आवास विकास नीति के अन्तर्गत जनपदवार उपलब्ध करवाये हैं? क्या प्रदेश सरकार अपनी आवास विकास नीति बनाने जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 07.12.2010 | 72. | क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार द्वारा खेल एवं युवा कल्याण की नीति को पारित कर दिया है? यदि हां, तो यह नीति क्या है तथा अब तक इस कल्याणकारी नीति के अन्तर्गत किस–किस जिले से कितने खिलाड़ियों को इसका लाभ मिल पाया है? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल एवं युवा कल्याण |
| श्री मयूख महर 07.12.2010 | 73. | क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में जिला चिकित्सालय के सामने रेंजर आवास के मध्य स्थित भूमि क्या वन भूमि श्रेणी में आती है? यदि हां, तो उक्त भूमि पर वन विभाग और पालिका में किसका स्वामित्व है? उक्त भूमि में कुल कितने देवदार के वृक्ष वन विभाग की गणना में थे? क्या वन विभाग द्वारा उक्त वृक्षों के पातन करने की अनुमति दी गयी है? यदि हां, तो किन नियमों के तहत? यदि नहीं, तो वृक्षों की संख्या में कमी आने का कारण क्या हैं? | वन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>07.12.2010 | 74. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा के प्रथम सत्र, 2010 प्रथम सोमवार को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–44 के उत्तर के संदर्भ में अवगत कराया गया कि एन0एच0 125 के निर्माण कार्य में वी0आर0ओ0 पिथौरागढ़ निर्धारित स्थान पर ही मलवा डाल रही है तथा उनके द्वारा एक भी वृक्ष को क्षतिग्रस्त नही किया गया है? क्या मंत्री जी अवगत है कि श्री हरीश उपाध्याय निवासी कनालीछीना के द्वारा आर0टी0आई0 के तहत वन विभाग पिथौरागढ़ से चाही गयी सूचना के उत्तर में प्रभागीय वनाधिकारी पिथौरागढ़ द्वारा अपने पत्रांक 340/22.2 सू0अ0 (ख) दिनांक 22 जुलाई, 2010 द्वारा जारी पत्र में बिन्दु 04 में निर्धारित स्थल से अन्यत्र मलवा डालने की बात स्वीकारी गयी है तथा बिन्दु 07 में उक्त कार्य से 455 वृक्ष प्रभावित/क्षतिग्रस्त होने की स्वीकारोक्ति दी गयी है? यदि हां, तो क्या सरकार सदन को गलत सूचना देने व गुमराह करने पर सम्बन्धित सक्षम अधिकारी पर कोई कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| **श्री जोत सिंह गुनसोला<br>08.12.2010** | 75. | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** | लोक निर्माण |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>08.12.2010 | 76. | क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी नगर के अन्तर्गत मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के द्वारा कोई आवासीय योजना बनायी जा रही है जिसमें सभी प्रकार के भवनों का चिन्हांकन तथा उनकी संख्या आदि की सम्पूर्ण जानकारी सम्मिलित की जा सके? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>09.12.2010 | 77. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश के निरीक्षण भवनों में कक्षों की उपलब्धता की स्थिति क्या हैं? क्या उपलब्ध कक्ष प्रदेश की आवश्यकतानुसार पर्याप्त हैं? यदि नहीं, तो क्या सरकार निरीक्षण भवनों में कक्षों की संख्या आवश्यकतानुसार बढाये जाने पर निर्णय लेगी? क्या सरकार पर्यटन नगरी मसूरी में निरीक्षण भवन कक्षों की संख्या बढाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>09.12.2010 | 78. | क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत गंगोलीहाट–चण्डिकाघाट मोटर मार्ग पर हाटकेश्वर से आगे अवशेष मोटर मार्ग के डामरीकरण हेतु शासन द्वारा धन स्वीकृत किया गया है? यदि हां, तो उक्त मोटर मार्ग के डामरीकरण न कराये जाने का क्या कारण हैं? क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग का जनहित में यथाशीघ्र डामरीकरण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? | लोक निर्माण |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>09.12.2010 | 79. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में प्रोजेक्ट एलीफैन्ट तथा प्रोजेक्ट टाइगर के लिए राज्य गठन के बाद से वर्ष 2009–10 तक कुल कितनी केन्द्रीय सहायता प्राप्त हुई? क्या इस हेतु शत प्रतिशत केन्द्रीय अनुदान प्राप्त होता हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त योजनाओं से इन जीवों की संख्या में कितनी वृद्धि हुई है और किस प्रकार से इन्हें संरक्षण प्रदान किया गया हैं? क्या उक्त योजना में पानी के होल तथा विचरण के मार्गों में आने वाले अवरोधों को दूर करना भी सम्मिलित हैं? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जोत सिंह गुनसोला 10.12.2010 | **80.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चीड़ के जंगलों से प्रतिवर्ष प्रदेश में कुल कितना लीसा प्राप्त होता हैं? क्या उत्पादित लीसा प्रदेश वन निगम की लीसा फैक्ट्रियों की उत्पादन क्षमता के अनुरूप है? यदि हां, तो प्रदेश में वन निगम की कुल कितने लीसे की वार्षिक मांग है तथा निगम में इस उद्योग में कुल कितने लोग कार्यरत हैं? | वन |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 10.12.2010 | **81.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में किन–किन उच्च क्षेत्र प्राणी उद्यान, वन मनोरंजन चेतना केन्द्र एवं पर्यटक स्थलों का विकास वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पूरा किया गया? इन योजनाओं की स्थिति क्या है? क्या सरकार जनपदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी? | वन |
| श्री जोत सिंह गुनसोला 10.12.2010 | **82.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में हर्बल गार्डन तथा सेन्टर ऑफ एक्सिलैंस की स्थापना व विकास योजना का वर्तमान स्वरूप क्या है? हर्बल गार्डन योजना में औषधि पादप की उपज विगत पॉच वर्षों में क्या रही हैं? क्या सरकार औषधि पादकों को कृषीकरण के कार्य में सम्मिलित कर कृषकों के आर्थिक उन्नयन से जोड़ने का निर्णय लेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| **श्री जोत सिंह गुनसोला 10.12.2010** | **83. निदेश संख्या 26(1) द्वारा उत्तरित।** | **नागरिक उड्डयन** |
| श्री मयूख महर 13.12.2010 | **84.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007–2010 तक जनपद पिथौरागढ़ को प्रति वर्ष कितनी आपदा राशि प्राप्त हुयी थी? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त राशि से नगर पालिका पिथौरागढ, डीडीहाट तथा विभिन्न विकास खण्ड तथा नगर पंचायतों में धारचूला में कितना धन किन–किन योजनाओं हेतु आवंटित किया गया तथा कौन–कौन से नये कार्य प्रारम्भ कराये गये? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री मयूख महर 13.12.2010 | **85.** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में राष्ट्रीय राज मार्ग 125 का वी0आर0ओ0 द्वारा निर्माण किया जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कि0मी0 6–10 तक के निर्माण कार्य में कटिंग कार्य से निकला मलवा कितने हैक्टे0 क्षेत्र में निर्माणकर्ता संस्था द्वारा फेंका गया है तथा उक्त क्षेत्र में कितने वृक्षों तथा वनस्पति की क्षति हुयी हैं? | वन |
| श्री मयूख महर 13.12.2010 | **86.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में गत वर्षों में सूखे की स्थिति से कृषकों की फसल नष्ट हो गयी थी? क्या उक्त क्रम में सरकार द्वारा प्रभावित कृषकों को सूखा राशि वितरित की गयी थी और विकास खण्ड कनालीछीना के भागीचौरा क्षेत्र के प्रभावित कृषकों के बैंकों के खाते खुलवाये गये थे ? क्या यह सत्य है कि उक्त पीड़ित कृषकों को तीन वर्ष व्यतीत होने के उपरान्त आज तक मदद राशि नहीं मिली हैं? यदि हां, तो क्या सरकार सूखे से प्रभावित कृषकों को सूखा राशि देने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |

श्री जोत सिंह गुनसोला 13.12.2010 — **87.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कुल कितने रिजर्व बायोस्फेअर किन–किन नामों से जाने जाते है, प्रत्येक का क्षेत्रफल क्या है? क्या प्रतिबंधित बायोस्फेयर क्षेत्रों में पर्यटकों को अनुमति प्रदान की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — वन

श्री जोत सिंह गुनसोला 13.12.2010 — **88.** क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि 15 सितम्बर, 1994 को बाटाघाट मसूरी में उत्तराखण्ड के दर्जनों आन्दोलनकारी घायल हुए थे, जिन्हें पुलिस द्वारा अनेकों अपराधिक धाराओं में गिरफ्तार किया गया था? यदि हां, तो उक्त सभी आन्दोलनकारियों का विवरण क्या है? क्या उक्त सभी आन्दोलनकारियों को उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी की श्रेणी प्रदान करते हुए नौकरी, पेंशन आदि की सुविधायें प्रदान की जा चुकी हैं? यदि हां, तो क्या–क्या सुविधायें प्रदान की जा चुकी हैं? यदि नहीं, तो कब तक सम्पूर्ण देय सुविधायें प्रदान की जायेंगी? — गृह

श्री जोत सिंह गुनसोला 13.12.2010 — **89.** क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बिकी, व्यापार आदि कर वर्ष 2009–10 में कितना आरोपित किया गया तथा उसके सापेक्ष कितना राजस्व वसूल किया गया है? यदि नहीं, तो सरकार उक्त सम्बन्ध में क्या कार्यवाही कर रही है जिससे राजस्व वसूल समय से हो सके? यदि नहीं, तो क्यों? — वित्त

श्रीमती अमृता रावत 13.12.2010 — **90.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौडी गढवाल के विकास खण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत बाडियूं–जखनोली–कुण्डकली–दिउसा मोटर मार्ग के त्रुटिपूर्ण ग्रेडिएन्ट के सम्बन्ध में गढवाल सांसद द्वारा मुख्य अभियन्ता (गढवाल क्षेत्र) लोक निर्माण विभाग को संम्बोधित पत्रांक–10713/सम/6–1–/निर्माण /2010–11 दिनांक 03 जुलाई, 2010 कब प्राप्त हुआ है तथा पत्र में वर्णित तथ्यों/बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही का विवरण क्या है?क्या यह भी सत्य है कि इस मार्ग की लम्बाई बढाने के लिये मार्ग पर कई मोड. दिए गए हैं जिसके कारण मलवे से यह मार्ग एवं सतपुली–व्यासघाट मोटर मार्ग भी क्षतिग्रस्त होता जा रहा है? यदि हां,तो मार्ग पर अत्यधिक मोड़ दिए जाने तथा मार्ग की लम्बाई बढाये जाने का औचित्य क्या है? — लोक निर्माण

श्रीमती अमृता रावत 14.12.2010 — **91.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौडी गढवाल के वि0ख पोखड़ा के अन्तर्गत कुण्जखाल–कोलाखाल–जयकोट मोटर मार्ग का निर्माण कब किया गया है और इस मार्ग के निर्माण पर अब तक कितनी धनराशि व्यय की गई है? क्या यह भी सत्य है कि अभी तक इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु उपयोग में लाई गई भूमि का भू–स्वामियों को मुआवजा भुगतान नहीं किया गया है जब कि मार्ग निर्माण से पूर्व भू–स्वामियों को भूमि का मुआवजा दिए जाने का प्राविधान है? यदि हां,तो अभी तक भू–स्वामियों को मुआवजे का भुगतान न किये जाने के कारण क्या है तथा कब तक भू–स्वामियों को मुआवजे का भुगतान कर दिया जायेगा? — लोक निर्माण

श्रीमती अमृता रावत 14.12.2010 — **92.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौडी गढवाल के अन्तर्गत कौन–कौन से प्रस्तावित अथवा स्वीकृत मोटर मार्ग कब से वन अधिनियम के कारण लम्बित है तथा इन मोटर मार्गो के निर्माण हेतु अनुमति के सम्बन्ध में प्रस्ताव कब–कब तथा किस–किस पत्र के द्वारा नोडेल अधिकारी केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण विभाग लखनऊ को प्रस्तुत किये गये हैं तथा प्रस्तावों पर की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या है? — लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>14.12.2010 | **93.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ में रा0 राजमार्ग 125 के निर्माण कार्य हेतु बी0आर0ओ0 द्वारा कि0मी0 6–8 तक ग्राम सातशिलिंग के वन पंचायत के कितने वृक्षों को तथा कि0मी0 7–8 में वन पंचायत की भूमि को निर्धारित मानक से कितना ज्यादा काटा गया है? क्या विभाग उक्त ग्राम के वन पंचायत को मुआवजा देगा? यदि हां,तो कब और कितना? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>14.12.2010 | **94.** क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में राज्य सरकार के पास अपने कितने हैलीकाप्टर व हवाई जहाज हैं तथा कितने हैलीकाप्टर व हवाई जहाज क्रय करने की योजना है? वर्तमान में किन–किन महानुभावों द्वारा इसे प्रदेश हित में प्रयोग किया जा रहा है? | **नागरिक उड्डयन** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>14.12.2010 | **95.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने बुग्याल क्षेत्र हैं तथा बुग्यालों का कुल क्षेत्रफल कितना हैं? क्या यह सत्य है कि बुग्यालों की सुरक्षा हेतु कोई योजना वर्ष 2009–10 में स्वीकृत की गयी हैं? क्या बुग्यालों के क्षेत्रफल में वृद्धि हो पायी हैं? क्या सरकार बुग्याल क्षेत्रों में ईकोटूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना बना रही हैं? यदि हां, तो योजना का स्वरूप क्या हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>14.12.2010 | **96.** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2009 से वर्तमान तक विभाग में पुलिस के अधिकारियों तथा कर्मियों की कुल संख्या कितनी है तथा मानकों के सापेक्ष वर्गवार कुल कितनी संख्या कम है? क्या सरकार अपेक्षित पदों पर भर्ती करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन"<br>15.12.2010 | **97.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भारतीय रेल मंत्रालय द्वारा बालावाली रेलवे पुल उत्तराखण्ड राज्य के लोक निर्माण विभाग को कब हस्तान्तरित किया गया था? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि क्या कोई धनराशि, राज्य सरकार द्वारा रेल मंत्रालय को जारी की गई थी, या फिर निःशुल्क ही उक्त विशाल सेतु का हस्तान्तरण कर दिया गया? क्या यह सत्य हैं कि राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड की सीमा के भीतर के स्थल पर बालावाली सेतु तक सम्पर्क मार्ग निर्माण को स्वीकृति के उपरान्त भी पूर्ण नहीं कराया गया? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सेतु की सतह के ऊपर आर0सी0सी0 सड़क का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| कुंवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>15.12.2010 | **98.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में विभागीय जिला योजना, वर्षा 2010–11 के माननीय विधायकों के प्रस्ताव प्रेषण के लगभग 8 माह पश्चात भी निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किये जाने के क्या कारण है? नियमानुसार क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि माननीय विधायकगण के प्रस्ताव प्रेषण के पश्चात कार्यपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु कोई समय सीमा निर्धारित की गई है? क्या सरकार लोकहित में अविलम्ब उक्त अवरूद्ध कार्यो को जनपद हरिद्वार की नौ विधानसभा क्षेत्रों में प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कुंवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन' 15.12.2010 | **99.** | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के लक्सर–खानपुर मार्ग पर,खेडी कलां तिराहे पर हड़वाहा नाले के पुल के पास अनुपयोगी छोटे पुल से अतिवृष्टि के दौरान जल प्रवाह बाधित होने से यातायात प्रभावित होता है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सेतु को हटाकर, वर्तमान पुल को और चौड़ा कर, यातायात मार्ग सुगम बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री जोतसिंह गुनसोला 15.12.2010 | **100.** | क्या न्याय मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य विधिक सहायता निधि से किन–किन वादकारियों को राज्य स्थापना से लेकर वर्ष 2010–11 तक इस निधि से कुल कितनी सहायता प्रदान की गई तथा जिलेवार तथा प्रत्येक वादकारी को कितनी–कितनी धनराशि की सहायता प्रदान की गई है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | **न्याय** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 06.12.2010 | **101.** | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले के किन–किन गांवों में जनसंख्या 1991 की अपेक्षा 2001 में बढी और किन–किन गांवों में कम हुई हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्तमान 2010 की जनगणना में स्थिति क्या हैं? | **सामान्य प्रशासन** |